smc
moneywise. be wise.

# दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 06 मार्च 2024

## अतंराष्ट्रीय बाजार

### COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी )

| कमोडिटी | कॉन्ट्रैक्ट | एक्सपायरी | बंद भाव |
|---|---|---|---|
| चांदी | मई | 29-05-24 | 23.98 |
| सोना | मार्च | 26-03-24 | 2141.90 |
| कच्चा तेल | अप्रैल | 20-03-24 | 78.15 |
| ब्रेंट कच्चा तेल | मई | 28-03-24 | 82.04 |
| नेचुरल गैस | अप्रैल | 26-03-24 | 1.96 |

### करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

| करेंसी | वर्तमान भाव |
|---|---|
| अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया' | 82.89 |
| डॉलर इंडेक्स | 103.79 |
| यूरो/अमेरिकी डॉलर | 1.08 |
| सीआरबी इंडेक्स | 319.85 |

### LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

| कमोडिटी | | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | नकद | 8491.50 |
| एल्युमिनियम | नकद | 2228.50 |
| जिंक | नकद | 2455.00 |
| लेड | नकद | 2046.50 |
| निकल | नकद | 17759.00 |

### SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

| कमोडिटी | माह | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | 15 मार्च 24 | 69030.00 |
| एल्युमिनियम | 15 मार्च 24 | 19080.00 |
| जिंक | 15 मार्च 24 | 20685.00 |
| लेड | 15 मार्च 24 | 15970.00 |

## घरेलू बाजार

### MCX

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बुलडेक्स | 26-03-24 | 16533.00 | तेजी | 04.03.24 | 16461.00 | 16050.00 |
| चांदी | 03-05-24 | 73374.00 | तेजी | 04.03.24 | 73467.00 | 72000.00 |
| सोना | 05-04-24 | 64845.00 | तेजी | 04.03.24 | 64462.00 | 63000.00 |
| कच्चा तेल | 19-03-24 | 6481.00 | तेजी | 19.01.24 | 6152.00 | 6500.00 |
| नेचुरल गैस | 25-03-24 | 160.00 | तेजी | 17.01.24 | 147.40 | 148.00 |

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तांबा | 28-03-24 | 726.15 | मंदी | 09.01.24 | 738.00 | 732.00 |
| एल्युमिनियम | 28-03-24 | 201.80 | मंदी | 09.01.23 | 208.55 | 203.00 |
| जिंक | 28-03-24 | 217.10 | मंदी | 01.02.24 | 220.90 | 217.00 |
| लेड | 28-03-24 | 178.75 | साइडवेज | 05.12.23 | 182.85 | - |
| मेटलडेक्स | 19-03-24 | 15057.00 | मंदी | 09.01.23 | 15482.00 | 15200.00 |
| स्टील लांग | 20-03-24 | 42420.00 | मंदी | 12.10.23 | 44710.00 | 43200.00 |

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

**05.03.2024 को सभी बंद भाव**

## सर्राफा आउटलुक

सोने की कीमतों को 64700 पर सपोर्ट और 64900 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। चांदी की कीमतों को 73500 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 72900 रू पर सपोर्ट रह सकता है । कीमतों में नरमी का रूझान रह सकता है। अमेरिकी दर में कटौती की उम्मीदों, भू-राजनीतिक तनाव और इक्विटी बाजारों में गिरावट के जोखिम से पिछले सत्र में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद आज सोने की कीमतें सपाट कारोबार कर रही है। एशिया में मजबूत भौतिक मांग और केंद्रीय बैंक की खरीदारी के साथ-साथ सराफा की पारंपरिक सुरक्षित- निवेश के लिए मांग के कारण भी कीमतों को मदद मिल रही है। केंद्रीय बैंक लगातार आठ महीनों से सोने के शुद्ध खरीदार रहे हैं। एक सुरक्षित संपत्ति के रूप में बुलियन की भूमिका को मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और वैश्विक शिपिंग में व्यवधान, चीन की लगातार आर्थिक समस्याओं और वर्ष के अंत में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से भी मदद मिल रही है। सोने के एक्सचेंज-ट्रेडेड फंडों में होल्डिंग, सोने की मांग का अन्य प्रमुख हिस्सा, में अभी भी गिरावट जारी है। दुनिया में सोने के सबसे बड़े ईटीएफ-एसपीडीआर गोल्ड ट्रस्ट की होल्डिंग्स इस साल अब तक 7% गिर गई है।

## बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतें तेजी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती है । तांबे की कीमतें 722-728 के दायरे में कारोबार कर सकती है। आज तांबे की कीमतों में गिरावट जारी रही, क्योंकि स्थिर अमेरिकी डॉलर ने कमोडिटी की मांग को कम कर दिया, जबकि प्रमुख संसद बैठक में शीर्ष उपभोक्ता चीन से नीतिगत समर्थन की कमी ने व्यापारियों को निराश कर दिया। 2024 के लिए चीन का 5% विकास लक्ष्य, जैसा कि व्यापक रूप से अपेक्षित था, निवेशकों को खुश करने में विफल रहा। किसी भी नए नीतिगत उपाय पर विवरण की कमी ने बाजार को निराश कर दिया। जिंक में बिकवाली हो सकती है और कीमतों को 215 पर सपोर्ट और 218 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। लेड की कीमतें 178-180 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें 200-203 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। वैश्विक एल्युमीनियम उत्पादकों ने जापानी खरीदारों को अप्रैल-जून प्राथमिक धातु शिपमेंट के लिए 145-155 डॉलर प्रति मीट्रिक टन के प्रीमियम की पेशकश की है, जो चालू तिमाही से 61%-72% अधिक है।

## एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतें तेजी के रूझान के साथ कारोबार कर सकती है और कीमतों के 6420-6510 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। दुनिया के सबसे बड़े कच्चे तेल आयातक चीन में मांग वृद्धि को लेकर चिंता और प्रमुख उत्पादकों द्वारा उत्पादन में कटौती के बीच आपूर्ति में कमी के संकेतों के बीच आज तेल की कीमतों में थोड़ी गिरावट हुई है। चीन के 2024 के लिए निर्धारित लगभग 5% के आर्थिक विकास लक्ष्य में देश की संघर्षरत अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए बड़ी प्रोत्साहन योजनाओं का अभाव है, जिससे चिंता बढ़ गई है कि इस साल देश में मांग में वृद्धि कम हो सकती है। फिर भी, अमेरिकी डॉलर में गिरावट और रविवार को घोषणा से तेल की कीमतों को समर्थन मिला कि पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन और उसके सहयोगियों (ओपेक+) ने दूसरी तिमाही के अंत तक प्रति दिन 2.2 मिलियन बैरल की उत्पादन कटौती बढ़ा दी है। अमेरिकी पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट उद्योग समूह के अनुसार 1 मार्च को समाप्त सप्ताह में अमेरिकी कच्चे तेल के स्टॉक में 423,00 बैरल की वृद्धि हुई, जो रॉयटर्स पोल में विश्लेषकों द्वारा अपेक्षित 2.1 मिलियन बैरल की वृद्धि से बहुत कम है। नेचुरल गैस की कीमतें 152-160 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

